महाराष्ट्र और राजस्थान में भाजपा की प्रचंड जीत पर आतिशबाजी

जलेबी खिलाकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया

भीलवाड़ा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की प्रचंड जीत एवं राजस्थान के उपचुनावों में 5 सीटों पर मिली ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में भाजपा जिला संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जश्न मनाया गया।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि महाराष्ट्र और राजस्थान में मिली जीत के बाद जोश और उत्साह से भरे कार्यकर्ताओं ने स्थानीय सूचना केंद्र चौराहे पर आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया और साथ ही एक दूसरे का जलेबी खिलाकर मुंह भी मीठा कराया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में महाराष्ट्र में नया इतिहास लिखा गया है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर मतदाताओं ने भाजपा गठबंधन में विश्वास जताया है। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा की पांच सीटों पर जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य सरकार के 11 महीनों के कामकाज, जन हित की योजनाओं को राज्य की जनता ने अपना समर्थन दिया है।

यह जीत प्रदेश की भाजपा सरकार के विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी। इससे पूर्व सुबह से ही जिला कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा और सभी टीवी स्क्रीन पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के साथ नतीजों की जानकारी लेते रहे और पार्टी के पक्ष में आने वाले नतीजों के साथ ही नारेबाजी करते रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सेंटर सूरज, जिला महामंत्री भगवतीप्रसाद जोशी, अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, बाबूलाल आचार्य, मंजू चेचाणी, गोपाल तेली, सुरेंद्र सिंह मोटरास, अमित सारस्वत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

महाराष्ट्र में भाजपा की जीत का जश्न मनाया

मसूदा, (निसं)। शनिवार को मसूदा क्षेत्र में खुशी की लहर महाराष्ट्र एवं राजस्थान एवं उत्तर प्रदेशउपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत हासिल करने पर मसूदा भाजपा कार्यकर्ताओं एवं मसूदा प्रधान मीनू कंवर राठौड़ ने शिखरानी सहित कई क्षेत्र में जीत का जश्न मनाया जीत पर आतिशबाजी की एवं मिठाइयां बांटी वह एक दूसरे के मुंह मीठा कराया गया भाजपा पदाधिकारियों ने बताया किभारत के ऊर्जावान व तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को महाराष्ट्र एवं राजस्थान की जनता ने एक ऐसा जीत का तोहफा दिया है अबकी बार राजस्थान व महाराष्ट्र में नरेन्द्र मोदी की आंधी के आगे कांग्रेस ध्वस्त हो जाएगी महाराष्ट्र में भी पूरे बहुमत के साथ 2024 मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी । जीत की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कस्बे के मुख्य स्टेशन पर राव सर्कल पर आतिशबाजी की एवं मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा की ऐतिहासिक जीत सात में से पांच विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल कर करिश्मा कर दिखाया

सार-समाचार

भजन संध्या आज

पुष्कर, (निसं)। जगद्गुरु श्री श्रीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित होगी भजन संध्या। हजारों भक्तों के बैठने की यवस्था कि गई है। खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार भी सजाया जाएगा। बताया जा रहा है की सनातन धर्म की जय जयकार करके उसे मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से स्थानीय मेला मैदान में आयोजित होने जा रही इस भजन संध्या में हजारों की संख्या में श्याम प्रेमी भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। यही वजह है कि आयोजन स्थल पर जबरदस्त तैयारियां की जा रही है। खास बात यह हैं कि एक और जहां आने वाले भक्तों के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही है तो वही दूसरी और कई सनातनी युवाओं के द्वारा आज पुष्कर के मुख्य बाजार सहित अन्य इलाकों में जाकर निमंत्रण पत्र एवं पीले चावल बांटकर आयोजन में शामिल होने का न्यौता दिया गया। श्याम बाबा की भक्ति में सनातन धर्म की पताका चारों दिशाओं में ऐसे ही लहराती रहे , इसके नाम का डंका पूरी दुनिया में बजता रहे इस भाव के साथ देश के कोने में भजन गाने वाले कन्हैया मित्तल कल पहली बार पुष्कर की धरती पर कार्यक्रम करने जा रहे है। यही वजह है कि आयोजन समिति द्वारा मेला मैदान के मंच पर खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जा रहा है।

12वां निःशुल्क जांच शिविर आज से

पुष्कर, (निसं)। पारस वेलफेयर संस्थान के तत्वावधान में कल 24 नवंबर को विशाल निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें प्रवासी चिकित्सकों के द्वारा रोगियों की निःशुल्क जांच कर उपचार किया जाएगा। संस्था के सचिव सत्यनारायण पालड़ीवाल ने बताया कि स्वर्गीय गोकुल चंद डिडवानिया की स्मृति में पुष्कर स्थित पुराना रंग जी मंदिर में कल निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अमेरिका में निवास करने वाले इनके पुत्र एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रकाश डिडवानिया व डॉ लैला अठावाल सहित अन्य चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। आपको बता दें कि कल सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस शिविर में हृदय रोग, ब्लड प्रेशर ,स्तन कैंसर, डायबिटीज व कोलेस्ट्रॉल सहित अन्य कई रोगों की निःशुल्क जांच कर उन्हें परामर्श दिया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष ईश्वर डिडवानिया ने इस शिविर में शामिल होने वाले सभी मरीजों से अपने इलाज की पुरानी पर्चियां एवं जांच रिपोर्ट साथ लेकर आने की अपील की है।

विद्यालय का औचक निरीक्षण

ब्यावर, (निसं)अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावालिया ने शनिवार को देलवाड़ा रोड स्थित सनातन धर्म राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से रूबरू हुए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विद्यालय की समस्त गतिविधियों की जानकारी ली तथा विद्यालय में पिछले 5 सालों से भामाशाहों के द्वारा जो कार्य किए गए जानकारी लेते हुए विद्यालय व्यवस्थाओं की सराहना की। विद्यालय के पास उपलब्ध भूमि को खेल मैदान में विकसित करने का भी सुझाव दिया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ से भी बात की तथा शिक्षण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय को विभागीय योजनाओं से अवगत कराया और बताया कि विद्यार्थी हित की सभी योजनाओं को लागू किया गया है तथा विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए भामाशाह द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान ब्यावर तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मतदान केन्द्रों पर बैठेंगे बीएलओ

भीलवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित कार्यक्रमानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत विशेष अभियान की तिथि दिनांक 24 नवम्बर, 2024 (रविवार) को समस्त बूथ लेवल अधिकारी सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) ओम प्रकाश मेहरा ने आम मतदाताओं से आठाह किया है कि वे 24 नवम्बर, 2024 (रविवार) को सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर पहुँच कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन हेतु बीएलओ को आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि प्रारूप-6 में दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्रारूप-7 में मृत/अन्यत्र स्थानांतरित / दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्रारूप-8 में निवास का स्थानांतरण, मतदाता सूची में दर्ज प्रविष्टियों मे संशोधन, डुप्लीकेट वोटर आई.डी. कार्ड हेतु, दिव्यांगजनो का चिन्हीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

पुष्कर सरोवर पर हुई महा आरती

पुष्कर, (निसं)। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के नागरिकों द्वारा सामाजिक चर्चा सहित विश्व कल्याण की कामना हेतु सामूहिक दुग्धाभिषेक कर मुख्य बद्रीघाट पर महाआरती की गई। ईश्वर लाल जाजड़ा गिरधारी लाल बच्छ जीतेन्द्र उपाध्याय किशनलाल पंचारिया करणु पवन राणेजा जड़िया बृजेश उपाध्याय यशवंत उपाध्याय पूरण उपाध्याय सुशील तिवारी पुरुषोत्तम तिवाड़ी चम्पा लाल जोशी रामेश्वर लाल उपाध्याय मांगे लाल उपाध्याय श्री गंगानगर पवन रेण ओमप्रकाश गील लाडाना सोहनलाल पंचारिया सहित अनेक समाज बन्धु उपस्थित रहे। महाआरती बद्रीघाट पर प. शंशाक पाराशर द्वारा की गई रामपाल काला रूद्र चोखावत,योगेश वैष्णव,भरत पाराशर,विनोद पाराशर कपिल पाराशर ने भजन की प्रस्तुदी दी। सभी का अरूण बाबू पाराशर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पाराशर ब्राह्मण महासभा ने पीला दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

स्कूल नए भवन में स्थानांतरित

ब्यावर, (निसं) सामाजिक संस्था अर्थ स्टार द्वारा संचालित विशेष बच्चो का दिव्य ज्योति स्कूल नए भवन में स्थानांतरित हुआ जिसका शुभारम्भ नगर परिषद की प्रशासनिक अधिकारी दमयंती जयपाल द्वारा फीता काटकर किया गया।शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सर्वेश चौहान ने बताया की दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय महावीर चिकित्सा केंद्र,साकेत नगर हाउसिंग बोर्ड के पास स्थानांतरित हो जाने पर बच्चों को ज़्यादा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र लोकेश का जन्मदिन स्कूल में केक काटकर मनाया गया और बच्चो ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, रेखा, चंदा , विनोद कार्निवालिस,जाह्नवी, आलोक सत्तावत, संजय सिंह गहलोत, भगवत दयाल सिंह, आरती माहेश्वरी, रिचा गोयल आदि उपस्थित रहे।

तैराकी में तीन छात्राओं का चयन

शाहपुरा। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय शाहपुरा से तैराकी प्रतियोगिता में तीन छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। यह 68 वीं राष्ट्रीय स्तर तैराकी प्रतियोगिता 24 नवंबर से 30 नवंबर तक राजकोट (गुजरात)में आयोजित की जाएगी।प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष छात्रा आयु वर्ग में स्वस्ति कंवर राणावत, 17 वर्ष छात्रा आयु वर्ग में निधि दहिया व 14 वर्ष आयु वर्ग में भूमि बघेरवाल भाग लेने जा रही हैं। विद्यालय परिवार एवं जिला तैराकी संघ की ओर से सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

ममता चौधरी आज अजमेर में

अजमेर, (कासं)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता चौधरी विजयवर्गीय दो दिन की यात्रा पर रविवार को अजमेर आ रही है। महिला संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि ममता विजय के अजमेर आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। वे स्थानीय समाज के पदाधिकारियों से मिलकर समाज की दशा दिशा पर मनन करेंगे।महिलाओं के साथ परिचर्चा में भाग लेगी। वे पुष्कर भी जाएगी जहां ब्रह्माजी एवं रंगजी मंदिर में दर्शन करेगी।

भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं : पंडित शास्त्री

- कथा में कपिल चरित्र, ध्रुव, प्रहलाद चरित्र व नृसिंह अवतार के प्रसंग सुनाए

अजमेर, (कासं)। काली माता मंदिर ग्राम रिठौरा कला जिला मुरैना में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दूसरे दिन शनिवार को कथाव्यास पंडित ब्रजमोहन शास्त्री ने कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों वर्णन सुनाया।

कथा व्यास पंडित ब्रजमोहन शास्त्री ने शनिवार को कथा के तीसरे दिन कई प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए।

अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ, इसके साथ ही उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया कि कालियुग में पाप कर्म से बचने के लिए व्यक्ति को श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना व सुनना चाहिए। उससे व्यक्ति के जीवन में सदकर्म व सद्विचार आते हैं।

गोवंश पर हमला करने वाला गिरफ्तार

मसूदा, (निसं)। गाय के कुल्हाड़ी मारने पर पुलिस में मुकदमा दर्ज किया गया एवम आरोपी को हिरासत में लिया गया। नारायण पुत्र माधु गुर्जर निवासी ग्राम प्रतापपुरा प्रथम, ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया की हमारे जानवरो को मेरी पत्नी बाली देवी एवं मेरा पुत्र प्रधान हमारे जंगल में चरा रहे थे कि इतने में हमारी एक गाय हमारी सीमा में से निकाल कर थोडी आगे निकल गई इस बात को लेकर दाउ सिंह पुत्र लाडू सिंह रावत निवासी डांग की नाडी आवेश में आ गया एवं हमारी गाय जहां पर चर रही थी उस जगह को अपनी गांव की सीमा होना बताने हुये गाली गलौच करने लग गया एवं आवेश में आकर हमारी गाय के पीठ में कुल्हाड़ी की मार दी तया गाय को बुरी तरह में जख्मी कर दिया। कुल्हाड़ी गाय के पीठ में ही घुस गई जिसे बड़ी मुश्किल बाहर निकाला।

फॉयसागर का नाम होगा वरूण सागर : देवनानी

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर स्मारक और विरासतों का नामकरण हमारी अपनी संस्कृति और पहचान के साथ जुड़ा होगा। इसी सोच के साथ होटल खादिम का नाम परिवर्तित कर होटल अजयमेरू किया गया है। तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त किया गया है। आगामी दिनों में फॉयसागर का नाम भी बदल कर वरूण सागर और किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदल कर महर्षि दयानन्द मेमोरियल किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को कोटड़ा में 6.68 करोड़ लागत की 2 सड़कों का शिलान्यास किया। इसके तहत महाराणा प्रताप नगर से पुष्कर रोड़ वाया कोटड़ा व दाहरसेन स्मारक तक की सड़क 4.76 करोड़ रूपए एवं नौसर घाटी मुख्य मार्ग से कोटड़ा मार्ग वाया प्राइवेट बस स्टैण्ड की सड़क 1.91 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि किसी भी शहर एवं संस्कृति की उन्नति एवं वैचारिक विकास तभी सार्थक है जब वह अपनी संस्कृति, इतिहास एवं विरासत पर गर्व कराना सीखे। इसी सोच के साथ अजमेर के विकास में प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं देशी नायकों को जोड़ा जा रहा है ताकि हमारी युवा पीढ़ी और भावी पीढ़ियां अपने शानदार अतीत से सीख ले सकें। उन्होंने कहा कि हमने चुनाव में वादा किया था कि कोटड़ा क्षेत्र के लोगों की भावनाओं के विपरीत बनाए जा रहे तेलंगाना हाउस का आवंटन निरस्त होगा। यह आवंटन निरस्त कराया जा चुका है। इसी तरह अजमेर के लोगों और अजमेर आने वाले सैलानियों, श्रद्धालुओं को प्राचीन इतिहास से रूबरू कराने के लिए होटल खादिम का नाम बदल कर होटल अजयमेरू किया गया है। अजयमेरू अजमेर का प्राचीन नाम है और अजमेर के संस्थापक राजा अजयराज चौहान से जुड़ा हुआ है। अब अजमेर आने वाले व्यक्ति जब भी होटल अजयमेरू जाएंगे, उन्हें अजमेर के गौरव की अनुभूति होगी।

वार्षिकोत्सव 14 से

अजमेर, (कासं)। वैशाली नगर स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम शनिवार को सूरत के सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री ने अपने सत्संग प्रवचनो में बताया कि हमारा शरीर आनन्द स्वरूप परमात का निवास है। हम सब मानव के अन्दर परमाता विराजमान है परमात्मा रूपी प्रेम रस को पीना हमें आनन्द की अनुभति करवाता है। उन्होने बताया कि यह सार सृष्टि आनन्द से ही बनी है और आनन्द में ही रहती है।

स्वामी ने कहा कि हमें अपने सांसारिक कार्य को छोडकर परमात्मा का सत्संग सुनना चाहिये।शास्त्री ने कहा कि केवल गेरूआ वस्त्र पहनने वाला संत नही होता है।जो प्राणी परमात्मा का शुद्व हृदय से सिमरण करता है वह संत है। स्वामी बसंतराम साहिब का 44वां पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव शनिवार 14 से 18 दिसम्बर तक मनाया जाएगा। आश्रम के सन्त स्वामी जस महाराज व रमेश लालवानी व राजेश लालवानी ने बताया कि प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले सन्त महात्माओ के सत्संग प्रवचन प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और सांयकाल 5 बजे से रात्रि आठ बजे तक आयोजन होंगे।

साधु का संयम का उपकरण पिच्छिका : आचार्य वर्धमान

मदनगंज-किशनगढ, (निस)। प्रतापगढ़ जिले के पारसोला में विराजित जैनाचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में आयोजित पिच्छिका परिवर्तन समारोह में किशनगढ़ के जैन समाज के लोग भी शामिल हुए। आचार्य ने कहा कि दिगंबर जैन साधु का संयम उपकरण पिच्छी है, यह जिन मुद्रा एवं करुणा का प्रतीक है, पिच्छी और कमंडल साधु के स्वालंबन के दो हाथ है। इनके बिना अहिंसा मय महाव्रत का पालन नहीं हो सकता। इस कारण समस्त दिगंबर साधु वर्ष में एक बार पिच्छी का परिवर्तन करते हैं। आचार्यश्री ने पीछी के गुण की महत्ता बताते हुए कहा कि यह धूल ठाहण नहीं करती, लघुता रहती है, पसीना ठाहण नहीं करती, सुकुमार झुकने वाली होती है। मयूर स्वयं पंख छोड़ते हैं, इस कारण कोई हिंसा भी नहीं होती। पीछी कमंडल रूपी संयम रथ निरंतर चल रहा है, इसका श्रेय प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती, आचार्य शांति सागर महाराज को है।

आप भी संयम धारण कर जीवन को धन्य कर सकते हैं। आचार्य शांतिसागर एवं सभी पूर्वाचार्य के चित्र का अनावरण कर दीप प्रवज्लन गौरव पाटनी, पवित्र बड़जात्या राजेश पंचोलिया, सनत जैन इंदौर, तथा स्थानीय पारसोला समाज अध्यक्ष ने किया। यम संलेखनाधारी आर्यिकाश्री ज्योति मति माता को नवीन पिच्छिका देने पुरानी पिच्छिका का लेने का का सौभाग्य किशनगढ़ के मंजू देवी-आशीष मित्तल परिवार को मिला। आर्यिका विचेक्षणमति माता की राजेंद्र कुमार, नवीनचंद पाटनी परिवार को मिला। क्षुल्लक विशाल सागर को विनय कुमार पवित्र कुमार बड़जात्या परिवार को मिली। ब्रह्मचारी गज्जू भैया व राजेश पंचोलिया ने बताया कि वर्धमान सागर के पाद पक्षालन करने का सौभाग्य किशनगढ के विमल कुमार, महेंद्र कुमार, समर्थ पाटनी परिवार उरसेवा वाले को मिला। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य गौरव पाटनी, पवित्र बड़जात्या एवं अंकेश जैन जोबनेर को मिला।

मार्ग की दुर्दशा पर विरोध प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। ब्यावर रोड स्थित रामगंज थाने के सामने नगर निगम के वार्ड संख्या 31 शहीद भगत सिंह मार्ग की सडक़ की स्थिति बहुत ही खराब होने और मार्ग में बहुत गहरे गडडे होने के चलते पिछले आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, शनिवार को क्षेत्रवासियों का गुस्सा फूटा पड़ा। क्षेत्रवासियों ने नगर व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और सडक़ निर्माण की मांग की।

सिकसेम सनरेस थेरेपी केन्द्र के निदेशक उमर खान के नेतृत्व में शनिवार को बड़ी संख्या में महिला-पुरूष, वरिष्ठ नागरिको ने जिला कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम आयुक्त देसल दान चारण, अतिरिक्त कलेक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड, अजमेर विकास प्राधिकरण की सचिव नित्या के से मांग की है कि नगर निगम के वार्ड 31 रामगंज थाने के सामने के रोड को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने चेतावनी देते हुए बताया कि सडक को शीध्र नहीं बनाया गया तो आन्दोलन को किया जाएगा।

'अरांई सी.एच.सी. बनेगा मॉडल चिकित्सालय'

अजमेर, (कासं)। किशनगढ विधानसभा क्षेत्र में आयुष्मान मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना के लिए केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी ने अरांई उपखण्ड में चिकित्सा सेवाओं के बेहतर बनाने एवं आम आदमी को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए अरांई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को आदर्श सीएचसी के रूप में विकसित करने के लिए अनुशंषा की है। अभी हाल ही में केन्द्रीय मंत्री ने किशनगढ विधानसभा क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में भी अरांई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति पर चिंता जताई थी। आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए चौधरी ने अरांई उपखण्ड के सबसे बडे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को आदर्श रूप में विकसित करने के लिए आयुष्मान मॉडल बनाने का निर्णय लिया है। इससे इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के जर्जर बिल्डिंग का पुननिर्माण हो सकेगा, नवीन उपकरण प्राप्त होंगे।

साथ ही उन्नत सुविधाओं के साथ पर्याप्त स्टाफ की पूर्ति भी होगी। अरांई उपखण्ड में ही पशु चिकित्सालयों के लिए भवन की कमी को देखते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कटसूरा और सान्दोलिया में नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति के लिए अनुशंसा पशुपालन मंत्री को की है। शीघ्र ही इसकी स्वीकृति जारी हो कर भवन निर्माण का कार्य हो सकेगा। इससे क्षेत्र के पशुओं को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उपरोक्त ग्रामों एवं इनके आसपास के क्षेत्रों में पशुपालन मुख्य व्यवसाय है। पूर्व में विधायक रहते हुए चौधरी ने 2017-18 में किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कटसूरा, भगवन्तपुरा, काढा, भोगादित, सान्दोलिया, देवपुरी और बजरंग कॉलोनी में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति कराई थी, परन्तु इसके बाद पिछले वर्षों में इन उपस्वास्थ्य केन्द्रों के लिए जमीन की उपलब्धता होने के बाद भी इन पर भवन निर्माण की कार्यवाही नहीं हुई।

119 बालिकाओं के विवाह में दिया सहयोग

अजमेर, (कासं)। श्री दिगंबर जैन महासमिति के अध्यक्ष अतुल पाटनी से बेटी के विवाह में सहयोग की अपील की जिसे श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के मुख्य आथित्य में वैवाहिक कार्य में सहयोग किया गया। युवा महिला संभाग अजमेर की मंत्री भावना बाकलीवाल एवं वैशाली नगर इकाई की अध्यक्ष शांता काला ने बताया कि वैशाली नगर इकाई की सदस्याओं, श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के संरक्षक राकेश पालीवाल, श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी एवं वैशाली नगर इकाई की अध्यक्ष शांता महेंद्र काला, घेवर चंद विजय एवं पदम चंद जैन आदि के सहयोग से सामाजिक सरोकार के अंतर्गत इस जरूरतमंद परिवार की एक पुत्री के वैवाहिक कार्य में आने वाली सामग्री के साथ विवाह उपरांत गृहस्थ जीवन के कार्य में आने वाली सामग्री देकर सहयोग किया गया।

श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर 2 बेस,21 साड़ीया,सलवार सूट, ब्लैंकेट, रसोई के कार्य में आने वाले सभी प्रकार के बर्तन, सेलों के आइटम, प्रेस, ओवन, कुकर, गैस चूल्हा, पंखा, चरण पादुका परिवारजन के कपड़े, सजावट का सामान आदि भेंट किए गए।

शुभदा के बच्चों ने किया भारत के पहले इलेक्ट्रिक क्रूज का भ्रमण

आनासागर झील में ऐतिहासिक क्रूज को देखकर बच्चे उत्साहित हुए

अजमेर, (कासं)। शुभदा संस्था समय-समय पर इन विशेष बच्चों के लिए विषेष कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी कडी में शनिवार 23 नवम्बर, 2024 को शुभदा स्पेशल वर्ल्ड में शनिवार के भ्रमण कार्यक्रम में अजमेर शहर के आनासागर क्रूज को शुभदा के विशेष बच्चों ने जब देखा तो उनकी आँखो में जो चमक थी वह सिर्फ महसूस किया जा सकता है। इस क्रूज के व्यवस्थापक एवं इनके स्टॉफ के सहयोग से शुभदा के विशेष बच्चों को अजमेर के आनासागर के ऐतिहाासिक क्रूज का भ्रमण करवाया गया।

शुभदा के विषेष बच्चों के लिए विषेष तरह के भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बच्चें अजमेर शहर के आनासागर झील में ऐतिहासिक क्रूज को देखकर आन्नदित और उत्साहित हुए। इस क्रूज में बैठकर बच्चों ने गुब्बारे उड़ाते हुऐ पानी के इस प्राकृतिक नजारों का आनन्द लिया उसके बाद सभी बच्चों ने डॉस किया और खूब एजांय किया।

शुभदा संस्था की कोर्डीनेटर सुप्रभा कविराज ने विषेष बच्चों के सदस्यों को शुभदा संस्था की गतिविधियों की बारे मे जानकारी दी विषेष बच्चों ने एंव संस्था प्रतिनिधी सरोज सुवाल ने विषेष बच्चों के साथ क्रूज के सुरेन्द्र सिंह जी का बच्चों के हाथ से बनाया गया थैक्स गिफ्ट दिया और माला पहनाकर धन्यवाद किया।

बच्चों ने गुब्बारे उड़ाते हुऐ पानी के इस प्राकृतिक नजारों का आनन्द भी लिया।

शुभदा के विषेष बच्चों ने आज अजमेर शहर के आनासागर के ऐतिहासिक क्रूज का भ्रमण किया, विषेष बच्चों ने पानी इस जहाज के प्रतिकात्मक माडॅल को देखा और विषेष षिक्षकों ने बच्चों को इनकी विषेषता और सामान्य जानकारी दी, विषेष बच्चों ने इस विषेष भ्रमण से बहुत खुष हुए। शुभदा के कार्यक्रम में संस्था परिवार के रेखा, ज्योति, केदार, विनिता, मंनषा, सपना पिंटू , अंजली सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया।

'चित्तौड़ मार्ग को करेंगे अतिक्रमण मुक्त'

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने के लिए अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत प्रारंभ में अजमेर चौराहे से आरजिया चौराहे तक अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है।

अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थानों पर की जा रही गहन निगरानी - नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण की रोकथाम के लिए लगातार कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण मुक्त किए गए स्थान पर गहन निगरानी भी रखी जा रही है ताकि पुनः अतिक्रमण की स्थिति ना हो। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत अब मंगलवार 26 नवंबर से चित्तौड़ रोड मार्ग पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को अतिक्रमण पर मार्किंग की जाएगी। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से आमजन को की जाने वाली कार्रवाई के बारे में पूर्व में ही सूचित किया गया है। नगर निगम कमिश्नर हेमाराम चौधरी ने बताया कि नगर निगम, यूआईटी, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीमें मंगलवार को सुबह 11 बजे पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचेगी।

एक्टिविटीज कराई

ब्यावर, (निसं) पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यनिक विद्यालय में डॉक्टर सीमा कृपलानी की अध्यक्षता में नो बैग डे के अंतर्गत विभिन्न एक्टिविटीज आयोजित करवाई गई। संजय स्पेशल स्कूल की टीम द्वारा उपनिदेशक रण सिंह चीता के सहयोग से गतिविधि का आयोजन किया गया।

NAME CHANGE

I, SOLANKI JAYABA is real mother of No 15800052K, NK (DS) SOLANKI RAJENDRASINH ARJUNSINH, 501 AD MSL REGT (MRSAM), C/O 56 APO, Vill-Chandansinh Bapuno Madh, Kamboi, Teh-Chanasma, Dist-Patan, State-Gujarat, 384230, have changed my name from SOLANKI JAYABA to SOLANKI GAYABA ARJUNSINH and D.O.B 01 Jan 1965 in my son army service records. aff-BW 755734. date-21 Nov 2024